भारतीय राज्य और उनके प्रमुख लोक नृत्य की सूची

samanyagyan.com/hindi/gk-indian-states-and-folk-dances

भारत के विभिन्न राज्य और उनके लोक नृत्य (List of Indian States and their Folk Dances in Hindi)

भारत विविध संस्कृतियों और परंपराओं का देश है। भारतीय लोक एवं आदिवासी नृत्य वास्तव में सरल होते हैं और प्रत्येक उत्सव या सार्वजनिक आयोजन में इन नृत्यों का दिखाई देना सामान्य बात है। लोक कला एक समूह या स्थान विशेष के लोगों का आम प्रदर्शन होता है।

भारतीय लोकनृत्यों के अंतर्गत अनंत प्रकार के स्वरूप और ताल हैं। इनमें धर्म, व्यवसाय और जाति के आधार पर अन्तर पाया जाता है। मध्य और पूर्वी भारत की जनजातियाँ (मुरिया, भील, गोंड़, जुआंग और संथाल) सभी अवसरों पर नृत्य करती हैं। जीवन चक्र और ऋतुओं के वार्षिक चक्र के लिए अलग-अलग नृत्य हैं। नृत्य, दैनिक जीवन और धार्मिक अनुष्ठानों का अंग है। बदलती जीवन शैलियों के कारण नृत्यों की प्रासंगिकता विशिष्ट अवसरों से भी आगे पहुँच गई है। नृत्यों ने कलात्मक-नृत्य का दर्जा प्राप्त कर लिया है। प्रतिवर्ष 26 जनवरी, भारतीय गणतंत्र दिवस एक ऐसा महत्त्वपूर्ण अवसर है, जब नेशनल स्टेडियम के विशाल क्षेत्र और परेड के 8 किलोमीटर लम्बे मार्ग पर नृत्य करने के लिए देश के सभी भागों से नर्तक दिल्ली आते हैं।

भारतीय लोकनृत्यों का वर्गीकरण करना कठिन है, लेकिन सामान्य तौर पर इन्हें चार वर्गों में रखा जा सकता है।

- वृत्तिमूलक (जैसे जुताई, बुआई, मछली पकड़ना और शिकार)।
- धार्मिक।
- आनुष्ठानिक (तांत्रिक अनुष्ठान द्वारा प्रसन्न कर देवी या दानव-प्रेतात्मा के कोप से मुक्ति के लिए)।
- सामाजिक (ऐसा प्रकार जो उपरोक्त सभी वर्गों में शामिल है)।

प्रसिद्ध सामाजिक लोकनृत्यों में कोलयाचा (कोलियों का नृत्य) शामिल है। पश्चिमी भारत के कोंकण तट के मछुआरों के मूल नृत्य कोलयाचा में नौकायन की भावभंगिमा दिखाई जाती है। महिलाएँ अपने पुरुष साथियों की ओर रुमाल लहराती हैं और पुरुष थिरकती चाल के साथ आगे बढ़ते हैं। विवाह के अवसर पर युवा कोली (मछुआरे) नवदंम्पति के स्वागम में घरेलू बर्तन हाथ में पकड़कर गलियों में नृत्य करते हैं और नृत्य के चरम पर पहुँचते ही नवदंम्पति भी नाचने लगते हैं।

यहां अलग–अलग राज्यों और लोक नृत्यों की सूची दी जा रही है जो आपको यूपीएससी, राज्य पीएससी, एसएससी, बैंक आदि की परीक्षाओं में मदद करेंगी।

भारतीय राज्य और लोक नृत्य की सूची:

भारत के राज्य	लोक-नृत्य

भारत के राज्य	लोक-नृत्य
आंध्रप्रदेश	कुचीपुड़ी, घंटामरदाला, ओट्टम थेडल, वेदी नाटकम।
असम	बीहू, बीछुआ, नटपूजा, महारास, कालिगोपाल, बागुरुम्बा, नागा नृत्य, खेल गोपाल, ताबाल चोनग्ली, कानोई, झूमूरा होबजानाई।
बिहार	जाट– जाटिन, बक्खो– बखैन, पनवारिया, सामा चकवा, बिदेसिया।
गुजरात	गरबा, डांडिया रास, टिप्पनी जुरुन, भावई।
हरियाणा	झूमर, फाग, डाफ, धमाल, लूर, गुग्गा, खोर, जागोर।
हिमाचल प्रदेश	झोरा, झाली, छारही, धामन, छापेली, महासू, नटी, डांगी।
जम्मू और कश्मीर	रऊफ, हीकत, मंदजात, कूद डांडी नाच, दमाली।
कर्नाटक	यक्षगान, हुट्टारी, सुग्गी, कुनीथा, करगा, लाम्बी।
केरल	कथकली (शास्त्रीय), ओट्टम थुलाल, मोहिनीअट्टम, काईकोट्टिकली।
महाराष्ट्र	लावणी, नकाटा, कोली, लेजिम, गाफा, दहीकला दसावतार या बोहादा।
ओडीशा	ओडिसि (शास्त्रीय), सवारी, घूमरा, पैंरास मुनारी, छाउ।
पश्चिम बंगाल	काठी, गंभीरा, ढाली, जतरा, बाउल, मरासिया, महाल, कीरतन।
पंजाब	भांगड़ा, गिद्दा, दफ्फ, धामन, भांड, नकूला।
राजस्थान	घूमर, चाकरी, गणगौर, झूलन लीला, झूमा, सुईसिनी, घपाल, कालबेलिया।
तमिलनाडु	भरतनाट्यम, कुमी, कोलट्टम, कवाडी।
उत्तर प्रदेश	नौटंकी, रासलीला, कजरी, झोरा, चाप्पेली, जैता।
उत्तराखंड	गढ़वाली, कुंमायुनी, कजरी, रासलीला, छाप्पेली।
गोवा	तरंगमेल, कोली, देक्खनी, फुग्दी, शिग्मो, घोडे, मोडनी, समायी नृत्य, जगर, रणमाले, गोंफ, टून्नया मेल।

भारत के राज्य	लोक-नृत्य
मध्यप्रदेश	जवारा, मटकी, अडा, खाड़ा नाच, फूलपति, ग्रिदा नृत्य, सालेलार्की, सेलाभडोनी, मंच।
छत्तीसगढ़	गौर मारिया, पैंथी, राउत नाच, पंडवाणी, वेडामती, कपालिक, भारथरी चरित्र, चंदनानी।
झारखंड	अलकप, कर्मा मुंडा, अग्नि, झूमर, जनानी झूमर, मर्दाना झूमर, पैका, फगुआ, हूंटा नृत्य, मुंदारी नृत्य, सरहुल, बाराओ, झीटका, डांगा, डोमचक, घोरा नाच।
अरूणाचल प्रदेश	बुईया, छालो, वांचो, पासी कोंगकी, पोनुंग, पोपीर, बारडो छाम।
मणिपुर	डोल चोलम, थांग टा, लाई हाराओबा, पुंग चोलोम, खांबा थाईबी, नूपा नृत्य, रासलीला, खूबक इशेली, लोहू शाह।
मेघालय	का शाद सुक मिनसेइम, नॉन्गरेम, लाहो।
मिजोरम	छेरव नृत्य, खुल्लम, चैलम, स्वलाकिन, च्वांगलाईज्वान, जंगतालम, पर लाम, सरलामकई/ सोलाकिया, लंगलम।
नागालैण्ड	रंगमा, बांस नृत्य, जीलैंग, सूईरोलियंस, गीथिंगलिम, तिमांगनेतिन, हेतलईयूली।
त्रिपुरा	होजागिरी ।
सिक्किम	छू फाट नृत्य, सिकमारी, सिंघई चाम या स्नो लायन डांस, याक छाम, डेनजोंग नेनहा, ताशी यांगकू नृत्य, खूखूरी नाच, चुटके नाच, मारुनी नाच।
लक्षद्वीप	लावा, कोलकाई, परीचाकली।

इन्हें भी पढ़े: भारतीय राज्य और उनकी भाषाएँ

नीचे दिए गए प्रश्न और उत्तर प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। यह भाग हमें सुझाव देता है कि सरकारी नौकरी की परीक्षाओं में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। यह प्रश्नोत्तरी एसएससी (SSC), यूपीएससी (UPSC), रेलवे (Railway), बैंकिंग (Banking) तथा अन्य परीक्षाओं में भी लाभदायक है।

महत्वपूर्ण प्रश्न और उत्तर (FAQs):

प्रश्न: लोक नृत्य 'गरबा' किस राज्य के साथ संबंधित है ?

उत्तर: गुजरात *(Exam - SSC SASA Jun, 2010)*
प्रश्न: ’तप्पातीकली’ लोक नृत्य किस राज्य से संबद्ध है?

उत्तर: केरल *(Exam - SSC FCI Feb, 2012)*
प्रश्न: ‘करगम’ कहाँ का लोक नृत्य है?

उत्तर: तमिलनाडु *(Exam - SSC CHSL Nov, 2012)*
प्रश्न: ‘कुचिपुड़ी' कहाँ की नृत्य प्रणाली है?

उत्तर: आन्ध्र प्रदेश *(Exam - SSC CML May, 2000)*
प्रश्न: पदमा सुब्रह्मण्यम किस शास्त्रीय नृत्य की प्रतिपादक है?

उत्तर: भरतनाट्यम *(Exam - SSC CML May, 2001)*
प्रश्न: वह मुख्य क्षेत्र कौन-सा है, जहाँ ‘गरबा नृत्य’ प्रचलित है?

उत्तर: गुजरात *(Exam - SSC SOC Nov, 2003)*
प्रश्न: ‘नृत्य के 'मोहिनी आट्टम’ रुप का विकास कहाँ हुआ था?

उत्तर: केरल में *(Exam - SSC CHSL Feb, 2004)*
प्रश्न: ‘मयूरभंज का छाओ’ कैसा नृत्य है?

उत्तर: युद्ध सम्बन्धी नृत्य *(Exam - SSC CHSL Feb, 2004)*
प्रश्न: ‘डंडिया’ किस राज्य का लोकप्रिय नृत्य है?

उत्तर: गुजरात *(Exam - SSC LDC Aug, 2005)*
प्रश्न: 'सुड़सिनी' लोकनृत्य किस राज्य से सम्बन्धित है ?

उत्तर: राजस्थान *(Exam - SSC CHSL Jun, 2011)*

You just read: Bhartiya Raajy Aur Unke Pramukh Lok Nrtyon Ke Naam Ki Suchi